# कक्षा – 6 (हिंदी)

## विद्यार्थियों में दक्षता की जाँच हेतु उपकरण

**दक्षता क्र.1- सुनी / देखी गई बातों पर विचार करते हुए दिए गए प्रश्न का उत्तर मौखिक / लिखित रूप में दे पाते हैं।**

दी गई कहानी को सुनो और बताओ -

अंकुर और अंकिता अपने चाचा भोलाराम के साथ मेला देखने गए। भोला चाचा के पास दो सौ रुपए थे। मेले में उन्होंने खूब मजे किए। गुब्बारे खरीदे, गुपचुप खाए, ड्रेगन झूले में झूले, मिठाइयाँ खाईं, पॉपकॉर्न खाए, चूड़ियाँ खरीदीं और जोकर का तमाशा देखा।

1. अंकुर और अंकिता देखने गए -

   (A) विद्यालय (B) बाजार

   (C) मेला (D) जंगल

2. चाचा का नाम था –

   (A) जलाराम (B) गया राम

   (C) भोलाराम (D) तुकाराम

3. अंकुर और अंकिता ने किसका तमाशा देखा ?

   (A) जोकर का तमाशा (B) बंदर का तमाशा

   (C) भालू का तमाशा (D) कुत्ते का तमाशा

4. इनमें से मिठाई नहीं है –

   (A) जलेबी (B) समोसा

   (C) गुलाब जामुन (D) लड्डू

5. मेले में अंकुर और अंकिता ने क्या-क्या ख़रीदा?

**दक्षता क्र. 2 - विभिन्न स्थानीय, सामाजिक घटनाओं पर अपनी प्रतिक्रिया दे पाते हैं।**

नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्न क्र. 01 से प्रश्न क्र. 03 तक दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

राजिम-महानदी, पैरी तथा सोंढूर नदी के संगम पर स्थित यहाँ भगवान राजीव लोचन का प्राचीन मंदिर है। यहाँ प्रतिवर्ष फरवरी के महीने में राज्य सरकार के सहयोग से विशाल मेले का आयोजन किया जाता है।

1. महानदी, पैरी तथा सोंढूर नदी के संगम पर स्थित दर्शनीय स्थल है -

(A) गिरौदपुरी (B) सिरपुर

(C) राजिम (D) चंपारण

2. राजिम मेले का आयोजन किया जाता है -

(A) जनवरी माह (B) फरवरी माह

(C) मार्च माह (D) अप्रैल माह

3. राजिम में..................... का प्राचीन मंदिर है -

(A) राजीव लोचन (B) ब्रह्मा

(B) राधाकृष्ण (D) गणेश

4. 'रक्षाबंधन' त्योहार मनाया जाता है-

(A) कार्तिक महीने में (B) सावन महीने में

(C) भादो महीने में (D) माघ महीने में

5. लोग घूमने क्यों जाते हैं?

**दक्षता क्र. 3 - व्याकरणिक इकाइयाँ जैसे - विराम चिह्नों, काल, क्रिया आदि का उपयोग कर पाते हैं।**

1. 'राम पुस्तक पढ़ रहा है ।' वाक्य किस काल का है -

   (A) वर्तमान काल (B) भूत काल

   (C) भविष्य काल (D) इनमें से कोई नहीं

2. श्यामा मंच पर कल नाचेगी । वाक्य में क्रिया है -

   (A) श्यामा (B) मंच

   (C) कल (D) नाचेगी

3. 'जल' का पर्यायवाची शब्द है –

   (A) सूर्य (B) हवा

   (C) पानी (D) भूमि

4. नीचे दिए गए चिह्नों में प्रश्नवाचक चिह्न है –

   (A) । (B) ,

   (C) ! (D) ?

5. 'अँधेरा' का विलोम है-

   (A) सुबह (B) उजाला

   (C) गरीब (D) रात

## कक्षा – 7 (हिंदी)

## विद्यार्थियों में दक्षता की जाँच हेतु उपकरण

**दक्षता क्र. 1 - पढ़ी / देखी सामग्री पर विचार करते हुए दिए गए प्रश्न का उत्तर मौखिक / लिखित रूप में दे पाते हैं।**

नीचे लिखे वाक्यांश को पढ़कर **प्रश्न क्र 1** से **प्रश्न क्र 3** तक के उत्तर दो।

मैं यहाँ कुशल पूर्वक हूँ और आपकी कुशलता की कामना करता हूँ। अर्धवार्षिक परीक्षा में मेरी मेहनत रंग लाई पिताजी। आपके बताए हुए दिनचर्या से मुझे बहुत लाभ मिला आगे भी मैं इसी दिनचर्या के अनुसार चलूँगा।

1. यह पत्र किसने किसे लिखा है-

(A) पिता ने पुत्र को (B) पिता ने पुत्री को

(C) पुत्र ने पिता को (D) पुत्री ने पिता को

2. इस पत्र में क्या अनुसरण करने की बात कही जा रही है ?

(A) परीक्षा (B) दिनचर्या

(C) अर्धवार्षिक (D) वार्षिक

3. 'लाभ' शब्द का विलोम है-

(A) हानि (B) फायदा

(C) मुनाफा (D) कमी

4. छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत है –

(A) जन गण मन (B) वन्दे मातरम

(C) अरपा पैरी के धार (D) हिन्द देश के निवासी

5. इनमें से पालतू पशु है –

(A) लोमड़ी (B) शेर

(C) गाय (D) भालू

**दक्षता क्र. 2 - विभिन्न स्थानीय, सामाजिक घटनाओं पर अपनी तार्किक प्रतिक्रिया दे पाते हैं।**

1. सुमन कल बाजार गई। बाज़ार में उसने कुछ सब्जियाँ खरीदी। तभी सुमन को यह अहसास हुआ कि सब्जी वाले ने उसे कुछ ज्यादा पैसे लौटा दिए हैं। सुमन को क्या करना चाहिए ?

   (A) चुपचाप वापस आ जाना चाहिए।

   (B) हिसाब करके पैसे लौटा देना चाहिए।

   (C) उसी पैसे से कुछ और सामग्री ले लेनी चाहिए।

   (D) पैसे किसी और को दे देना चाहिए।

2. दूसरों के साथ हमें कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

   (A) स्वार्थ का (B) घमंड का

   (C) प्रेम और ईमानदारी का (D) अपनी मर्जी का

3. सड़क पार करते समय हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

   (A) बाईं तरफ चलना चाहिए।

   (B) लाल बत्ती पर रुकना चाहिए।

   (C) गाड़ी चलाते समय फोन पर बात नहीं करना चाहिए।

   (D) उपरोक्त सभी।

4. यदि आस-पास कहीं सड़क दुर्घटना हो जाए तो हम क्या करेंगे ?

   (A) आपस में बात करेंगे। (B) अपातकाल नंबर पर इसकी सूचना देंगे।

   (C) फोटो खीचेंगे। (D) दूसरों के प्रयास को देखते रहेंगे।

5. महापुरुषों की कहानी पढ़ने के बाद हमें क्या करना चाहिए -

   (A) उनके तरह कपड़े पहनना चाहिए।

   (B) उन्ही की तरह बातचीत करना चाहिए।

   (C) उनकी अच्छी आदतों का अनुसरण करना चाहिए।

   (D) इनमें से कोई नहीं।

## दक्षता क्र. 3 - भाषा की बारीकियों पर समझ बना पाते हैं।

1. इनमें से स्त्रीलिंग शब्द है –

(A) घोड़ा (B) लड़का

(C) गाय (D) कुत्ता

2. 'आज मोहन बाजार गया।' इस वाक्य में 'बाजार' शब्द क्या है –

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) विशेषण (D) क्रिया

3. 'यह रास्ता लंबा है।' इस वाक्य में विशेषण पहचानो –

(A) रास्ता (B) लंबा

(C) है (D) यह

4. 'पिताजी कल शहर जाएँगे।' इस वाक्य में काल पहचानो –

(A) भूतकाल (B) वर्तमान काल

(C) भविष्य काल (D) अनिश्चित काल

5. इस " " विराम चिह्न का क्या नाम है ?

(A) विवरण चिह्न (B) उद्धरण चिह्न

(C) योजक चिह्न (D) निर्देशक चिह्न

6. 'झड़ी लग जाना' मुहावरे का अर्थ है-

(A) निरंतर वर्षा होना (B) प्रशंसा करना

(C) झाड़ देना (D) झाड़ू लगाना

7. 'नाटककार' में कौन-सा प्रत्यय है –

(A) नाटक (B) ककार

(C) कार (D) नाट

8. 'अनुकरण' शब्द में उपसर्ग है ?

(A) अ (B) अनु

(C) ण D) करण

## कक्षा – 8 (हिंदी)

## विद्यार्थियों में दक्षता की जाँच हेतु उपकरण

**दक्षता क्र. 1 - पढ़ी / देखी सामग्री पर विचार करते हुए दिए गए प्रश्न का उत्तर मौखिक / लिखित रूप में दे पाते हैं ।**

**नीचे लिखे अनुच्छेद के आधार पर प्रश्न क्र. 01 से प्रश्न क्र. 04 तक दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो-**

चींटियों की बस्ती में एक रानी चींटी माँ होती है, जो अंडे देती है। नर चींटियाँ काम नहीं करती और श्रमिक चींटियाँ मादा होती है, लेकिन अंडे नहीं देती । रानी चींटी को पहचानना सरल होता है क्योंकि वह अन्य चींटियों से बड़ी होती है और उसके पंख लंबे होते हैं । आलसी नर चींटी के भी दो जोड़ी पंख होते हैं परंतु श्रमिक मादा चींटी छोटी और पंखहीन होती है ।

1. जो चींटी अंडे देती है, वह होती है-

(A) श्रमिक चींटी (B) रानी चींटी

(C) नर चींटी (D) सभी चींटी

2. श्रमिक चींटियाँ होती है –

(A) नर (B) मादा

(C) आलसी (D) सुस्त

3. अन्य चींटियों से बड़ी होती है –

(A) रानी चींटी (B) नर चींटी

(C) श्रमिक चींटी (D) सभी चींटी

4. 'आलसी' का अर्थ है -

(A) जो परिश्रम करता है । (B) जो परिश्रम नहीं करता है ।

(C) जो इधर-उधर घूमता है । (D) जो व्यर्थ की बातें करता है ।

5. किसी देखे हुए 'मेले' का वर्णन पाँच वाक्यों में करो ।

**दक्षता क्र. 2 - विभिन्न स्थानीय, सामाजिक घटनाओं पर अपनी तार्किक प्रतिक्रिया दे पाते हैं।**

नीचे लिखे वाक्यांश को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दो –

आज़ाद भारत के सपने को सच करने के लिए भारत के युवाओं ने अपने प्राणों की बाज़ी लगायी। अपना सर्वस्व राष्ट्र की बलिवेदी पर होम कर दिया। ऐसे ही अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद रहे, जिनकी हर साँस में देश और देशवासियों के प्रति प्रेम और उत्सर्ग की भावना कूट-कूट कर भरी थी ।

1. उपरोक्त अनुच्छेद में चंद्रशेखर आजाद के किन गुणों का पता चलता है ?

(A) देशभक्ति (B) बहादुरी

(C) दानी (D) दयालुता

2. खेल खेलते समय हमें ............. खेलना चाहिए ।

(A) जीत के लिए (B) पुरस्कार के लिए

(C) खेल भावना से (D) हार के लिए

3. छोटों के साथ हमें व्यवहार करना चाहिए ।

(A) मित्रता (B) परोपकार


(C) सहानुभूति (D) उपरोक्त सभी

4. मौसी बहुत ....... थी । मौसी सभी का ........ करती थी । मौसी सभी बच्चों को बहुत ........ करती थी । सभी बच्चे मौसी का बड़ा ....... करते थे ।

(A) दयालु, सहयोग, प्रेम, आदर (B) दयालु, आदर, सहयोग, प्रेम

(C) सहयोग, दयालु, आदर, प्रेम (D) प्रेम, आदर, दयालु, सहयोग

5. यह चित्र किससे संबंधित है –



(A) बिजली बढ़ाने

(B) बिजली बचत

(C) रोशनी करने

(D) मशीन बनाने

**दक्षता क्र. 3 - भाषा की बारीकियों पर समझ बना पाते हैं। जैसे – संज्ञा, सर्वनाम, कर्ता, क्रिया, विशेषण, लिंग, वचन, आदि पर अपनी समझ बना पाते हैं।**

1. 'पढ़वाना' क्रिया का मूलरूप क्या है-

    (A) पढ़ाई (B) पढ़

    (C) पढ़ता (D) पढ़ाना

2. 'वह प्रतिदिन विद्यालय जाता है।' इस वाक्य में सर्वनाम है-

    (A) जाता है (B) विद्यालय

    (C) वह (D) प्रतिदिन

3. 'टकराहट' में प्रत्यय लगा है –

    (A) आहट (B) हट

    (C) टक (D) राहट

4. जिसकी विशेषता बताई जाती है, उसे क्या कहते हैं -

    (A) विशेषण (B) विशेष्य

    (C) क्रिया (D) क्रिया विशेषण

5. 'वह पुस्तक पढ़ता है।' इस वाक्य में काल पहचानिए –

    (A) भूतकाल (B) वर्तमान काल

    (C) भविष्य काल (D) अनिश्चय काल

**दक्षता क्र. 4 - विभिन्न पठन सामग्रियों में प्रयुक्त शब्दों, मुहावरों, लोकोक्तियों आदि पर समझ बना पाते हैं।**

1. ‘कलई खुलना’ मुहावरे का अर्थ है-

(A) हाथ टूट जाना (B) भाग जाना

(C) भेद खुल जाना (D) आज़ाद होना

2. 'अमृत' शब्द का पर्याय है -

(A) पानी (B) सलिल

(C) सुधा (D) नीर

3. ‘जान-बूझकर मुसीबत मोल लेना’ उक्त अर्थ को व्यक्त करने वाली लोकोक्ति है-

(A) आ बैल मुझे मार (B) बिलकुल अनपढ़

(C) काला अक्षर भैंस बराबर (D) ऊँट के मुँह में जीरा

4. 'दिन' शब्द का विलोम है -

(A) प्रकाश (B) दिवस

(C) सुबह (D) रात

5. 'हित' का शब्दार्थ है –

(A) हरा (B) भलाई

(C) हिम (D) अहित